हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, कलेक्टर...



07 पालिकाध्यक्ष ने मंदिरों और दुर्गा पंडालों में सफाई...



50 हजार से अधिक श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर पहुंचे मंदिर, पूजा-अर्चना की

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी के आंगन में लगा आस्था का मेला



श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतारें, माता रानी के दर्शन कर करवाए हवन अनुष्ठान







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में स्थित प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर नवरात्रि के प्रथम दिवस तथा रविवार अवकाश का दिन होने से देश सहित प्रदेश के कई स्थानों से 50 हजार से भी अधिक माता भक्त पहुंचे। जहां उन्होंने द्वारा माता रानी के मनोहारी श्रृंगार के दर्शन कर मनोकामना पूर्ति तथा परिवार की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना के साथ हवन अनुष्ठान किया गया। शारदीय नवरात्रि पर्व पर इस बार प्रशासन तथा मंदिर समिति द्वारा गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह बंद कर रखा है। वीआईपी तथा वीवीआईपी के साथ ही सभी भक्तगण गर्भगृह के बाहर से ही माता रानी के दर्शन कर रहे हैं।

रविवार को मंदिर परिसर के अंदर व सिंह द्वार से बाहर तक प्रातःकालीन आरती के बाद से ही श्रद्धालुओं की कतारें लगना प्रारंभ हो गई थीं, जो देर शाम तक जारी थी। श्रद्धालुओं को माताराणी के दर्शन के लिए लाइन में खड़े रहकर प्रतिक्षा करना पड़ी। त्रिशूल मंडपम से भक्तों को चार कतारों में दर्शन करवाये जा रहे थे। कई भक्तों द्वारा मां के दरबार में विशेष पूजन, हवन-अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई। पूरा मंदिर परिसर मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा था। शारदीय नवरात्रि पर्व के साथ अन्य दिनों में भी क्या बच्चे क्या बुजुर्ग सभी माता के दरबार में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जो कि माता के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि तथा खुशहाली की कामना मां से कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

मान्यता है कि मां के समक्ष सच्चे मन से भक्त जो भी मनोकामना करता है, माताराणी उसे अवश्य ही पूर्ण करती है। यही कारण है कि उक्त मंदिर देश के साथ विदेशों में भी अपनी ख्याति प्राप्त कर रहा है तथा दिन-प्रतिदिन भक्तों की आस्था इस मंदिर को लेकर बढ रही है। प्रतिदिन माता का विशेष श्रृंगार मंदिर के मुख्य पुजारी एवं उनके परिवार द्वारा कर माताराणी को नई चुनरी उड़ाई जाती है। माता के इस मनोहारी रूप के दर्शन कर भक्त अपने को धन्य मान रहे हैं। बगलामुखी मंदिर पर होने वाली मंगला व संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते है। नवरात्रि के प्रथम दिवस भी बड़ी संख्या में भक्त माता रानी की मंगला आरती में शामिल हुए।

माता रानी को लगाया छप्पन भोग

नवरात्रि के प्रथम दिवस सुबह 10 बजे मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा माता रानी को छप्पन भोग लगाया गया। भक्त मंडल के सदस्य ढोल ढमाकों के साथ नृत्य करते मंदिर पहुंचे। मंदिर में माता रानी के जयकारों के साथ छप्पन भोग लगाया गया। छप्पन भोग लगाकर माता रानी की आरती की गई।

स्थानीय श्रद्धालुओं को हुई परेशानी

मंदिर प्रबंध समिति द्वारा स्थानीय श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए सुबह 10.30 बजे तक का समय निर्धारित कर वीआईपी कतार में वीआईपी के साथ दर्शन करने की व्यवस्था की गई थी लेकिन निश्चित समयावधि में उक्त कतार में अन्य स्थानों के आए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही जिसके कारण बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु केवल शिखर दर्शन कर ही लौट गए। मंदिर प्रशासन को अपने निर्णय को अमलीजामा पहनाने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे और स्थानीय श्रद्धालुओं को आधारकार्ड देखकर कतार में प्रवेश दिया जाना चाहिए जिससे कि अन्य श्रद्धालु संबंधित कतार में नहीं जा सकें।

पुलिस प्रशासन की पैनी नजर और चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती से सुगम रहा आवागमन

मां बगलामुखी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के बावजूद नगर के मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति निर्मित नहीं हुई। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी, पैनी निगरानी और चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवानों की तैनाती के चलते नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रही तथा वाहनों की आवाजाही सुगमता से जारी रही। नवरात्रि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था और यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए एसडीओपी देवनारायण यादव एवं थाना प्रभारी शशि उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। पुलिस जवानों ने नगर के प्रमुख मार्गों पर तैनात रहकर यातायात पर नजर रखी। पुलिस की सतर्कता के चलते श्रद्धालुओं के वाहनों सहित स्थानीय नागरिकों को भी आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। नगरवासियों द्वारा उनकी सजग कार्यप्रणाली की प्रशंसा भी की गई।

एसपी ने किया लोकार्पण

मां बगलामुखी मंदिर को मिली स्थायी पुलिस चौकी की सौगात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन रविवार को मां बगलामुखी मंदिर परिसर में स्थायी पुलिस चौकी का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा किया गया। मंदिर परिसर में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित होने से श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने में सहायता मिलेगी। लोकार्पण अवसर पर एसडीएम देवकुंवर सोलंकी, एसडीओपी सुसनेर देवनारायण यादव, तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि मां बगलामुखी मंदिर में देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। विशेष रूप से नवरात्रि एवं अन्य प्रमुख धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं की सहायता के लिए पुलिस की निरंतर उपस्थिति आवश्यक रहती है। मंदिर परिसर में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की मांग स्थानीय नागरिकों एवं आमजन द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। इसके साथ ही क्षेत्र के पत्रकारगण भी मंदिर परिसर में स्थायी पुलिस चौकी की आवश्यकता को लेकर लगातार प्रयासरत रहे और इस जनहित के विषय को समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से तथा संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाते रहे। जनविश्वास शिविर के दौरान भी भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया द्वारा उज्जैन संभाग के एडीजी एवं आईजी राकेश कुमार गुप्ता के समक्ष मंदिर परिसर में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित करने का अनुरोध किया गया था। इस पर वरिष्ठ अधिकारी द्वारा आवश्यक पहल के संबंध में आश्वस्त किया गया था। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में नवरात्रि के प्रथम दिन पुलिस चौकी का लोकार्पण किया गया। इस प्रकार आमजन की मांग, पत्रकारगण के निरंतर प्रयासों से लंबे समय से अपेक्षित व्यवस्था को मूर्त रूप मिला है।

पुलिस चौकी से श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर सुरक्षा

मंदिर परिसर में पुलिस चौकी स्थापित होने से पुलिस बल की स्थानीय उपलब्धता बढ़ेगी और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई करना अधिक सुविधाजनक होगा। प्रमुख धार्मिक अवसरों पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर, खोए हुए व्यक्तियों एवं बच्चों की सहायता तथा श्रद्धालुओं की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने में चौकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर एवं आसपास शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने, स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने तथा किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी। मां बगलामुखी मंदिर क्षेत्र में स्थायी पुलिस चौकी की स्थापना धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

कॉलेज में वाद-विवाद व चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर में अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2026 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल एवं शैक्षणिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में शिक्षा के उपयोग विषय पर छात्राओं ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रथम स्थान उर्मिला कुमावत तथा द्वितीय स्थान शिवानी पाटीदार ने प्राप्त किया, जबकि विपक्ष में प्रथम स्थान भव्या शर्मा तथा द्वितीय स्थान उर्मिला पाटीदार ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भव्या शर्मा, द्वितीय स्थान अलीशा बी तथा तृतीय स्थान हंसिका शर्मा ने प्राप्त किया। छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा एवं रचनात्मक सोच के माध्यम से विषय को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया।



शक्ति की भक्ति में सरोबार निकली प्रभातफेरी

नलखेड़ा। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा प्रारंभ की गई प्रभातफेरी लगातार जारी है। मंडल द्वारा प्रभातफेरी में सभी त्यौहार भी मनाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में रविवार को प्रभातफेरी शक्ति की भक्ति में सरोबार रही। सोमवार प्रातः 5.30 बजे प्रारंभ हुई प्रभातफेरी में एक बालिका मां शैलपुत्री का रूप धारण कर शामिल थी। वहीं प्रभातफेरी में शामिल भक्त माताजी के भजन गाते चल रहे थे। नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रभातफेरी के परंपरागत मार्ग में बदलाव किया गया है। इस दौरान प्रभातफेरी प्रतिदिन मां बगलामुखी मंदिर भी जाएगी।

स्पीक मैके का क्षेत्रीय अधिवेशन खानदेश जलगांव में आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

भारतीय संस्कृति, शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं कला को देश के कौने-कौने में तक स्कूली बच्चों के बीच पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध अंतरराष्ट्रीय संस्था स्पीक मैके का शरद ऋतु क्षेत्रीय अधिवेशन खानदेश जलगांव महाराष्ट्र में सम्पन्न हुआ। करीब पांच राज्यों से आए चार सौ विद्यार्थियों ने इस अधिवेशन में भाग लेकर न सिर्फ शास्त्रीय संगीत नृत्य एवं कला पर आधारित कार्यक्रमों का आनंद लिया बल्कि विख्यात गुरुओं से गहन प्रशिक्षण लेकर भविष्य की राह भी सुनिश्चित की।

स्पीक मैके मंदसौर चेप्टर से अजय डांगी और चन्दा डांगी ने सहभागिता की। आश्रम पद्धति के मुताबिक चलने वाले चार दिवसीय कार्यक्रमों में सुबह योग ,श्रमदान फिर अपनी चुनी गई विधा में सम्बंधित गुरुओं द्वारा प्रशिक्षण एवं सायंकाल विख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को अभिभूत कर दिया। सात्विक भोजन जीरो फूड वेस्टेज जीरो डिस्पोजल और मोबाइल का निषेध इस आयोजन की विशेषता रही आयोजन के उद्घाटन सत्र में स्थानीय सांसद, जिला कलेक्टर तथा खानदेश एजुकेशन सोसायटी के पदाधिकारियों के साथ स्पीक मैके की टीम मौजूद रही।

स्थान-स्थान पर की पूजा-अर्चना

अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज ने निकाला चल समारोह

नलखेड़ा। अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जयंती पर अग्रवाल समाज द्वारा नगर में चल समारोह निकाला किया गया। जो प्रमुख मार्गों से होता कार्यक्रम स्थल पहुंचा। जहां पर समाजजनों द्वारा महाराजा अग्रसेनजी की सामूहिक आरती कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। रविवार को नगर के चौथमल जी के मंदिर के सामने से समाजवाद के अग्रदूत, युग पुरुष, महाराजा अग्रसेनजी की जयंती के अवसर पर एक चल समारोह ढोल-ढमाके व बैंड- बाजों के साथ प्रारम्भ हुआ। चल समारोह में आगे-आगे समाज के बालक-बालिकाएं अश्व पर सवार हो हाथों में धर्म ध्वजा लेकर बैठे हुवे थे। फूलों से सुसज्जित रथ में महाराजा अग्रसेन का चित्र रखा हुआ था। चल समारोह में बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ अग्रवाल महिला मंडल की महिलाएं शामिल थी। बैंड की धुन पर अग्रसेन जी के जीवन चरित्र पर आधारित सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी जा रही थी। चल समारोह चौक बाजार, गणेश चौराहा, पुलिस थाने के सामने से होता हुआ शिवाजी चौराहे से पुरानी मंडी रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला पर पहुंचा जहां पर महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। इसके पश्चात अग्रसेन जयंती पर आयोजित हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन समाजजनों के सह भोज के साथ संपन्न हुआ।



नौ दिनों तक शक्ति की भक्ति में लीन रहेंगे श्रद्धालु, मंदिरों में सुबह-शाम होगी आरती

शारदीय नवरात्रि शुरू, मंदिरों में शुभ मुहूर्त में हुई घटस्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर में रविवार से शक्ति आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू हुआ। नवरात्र के प्रथम दिन नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त में विधि-विधान के साथ घटस्थापना की गई। इसके साथ ही नौ दिवसीय माता आराधना का शुभारंभ हुआ। अब आगामी नौ दिनों तक नगरवासी मां आदिशक्ति की भक्ति में लीन रहेंगे और मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।शारदीय नवरात्र के अवसर पर नगर के नई सेरी में दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर घटस्थापना की गई। वहीं नगर के प्रसिद्ध मां बिजासन माता मंदिर, मां हिंगलाज देवी मठ, मां जोगणिया माता मंदिर एवं बड़वासन माता मंदिर सहित विभिन्न देवी स्थलों पर विधि-विधान से घटस्थापना कर माता रानी की पूजा-अर्चना की गई।



हिंगलाज देवी मठ में हुआ विशेष पूजन-अभिषेक

नगर के ठाकुर मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज देवी मठ में नवरात्र के प्रथम दिन विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। पंडित प्रेम नारायण त्रिवेदी के मंत्रोच्चार के बीच सुबह 9 बजे पुजारी आशीष चतुर्वेदी द्वारा माता रानी का पंचामृत एवं जल से अभिषेक किया गया। इसके बाद बाड़ी स्थापना और घटस्थापना की धार्मिक परंपरा निभाई गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर माता रानी की आरती उतारी तथा सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नवरात्र के दौरान नगर के अति प्राचीन एवं प्रसिद्ध मां बिजासन माता मंदिर, शक्तिपीठ हिंगलाज मठ, मेहतर मोहल्ले स्थित आंसु मेहरानी माता मंदिर तथा लतीफ कॉलोनी स्थित मां जोगणिया माता मंदिर सहित विभिन्न देवी स्थलों पर प्रतिदिन सुबह एवं रात्रि में आरती की जाएगी। नौ दिनों तक माता रानी का आकर्षक श्रृंगार भी किया जाएगा। नवरात्र के दौरान अलसुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन करेंगे। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण रहेगा और जय माता दी के जयकारों के बीच श्रद्धालु माता रानी की आराधना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

खबर संक्षेप

मां दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान का शुभारंभ



सोनकच्छ। प्रातः स्मरणीय वंदनीय अवधूत वेदांत केसरी ब्रह्मलीन स्वामी श्री 1008 प्रकाशानंद महाराज की तपोभूमि एवं अखंड तीर्थ आनंद आश्रम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। मुख्य यजमान कैलाश चंद परमार ने पूजन-अर्चन, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अनुष्ठान का विधिवत शुभारंभ किया। पंडित राजेंद्र कुमार व्यास ने वैदिक विधि-विधान से पूजा संपन्न करवाई। इस अवसर पर आनंद आश्रम परिवार के बाबूलाल परमार, राधेश्याम जोशी, सौभाग सिंह ठाकुर, महेश चंद सिसोदिया, कृष्णकांत दुबे, हरीश मुंगी, राजाराम प्रजापत, कैलाश नारायण नायक, हरीश डाबी सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

दलित मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष बौद्ध का किया स्वागत



सोनकच्छ। गत दिवस दलित मुस्लिम एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र बौद्ध उत्तर प्रदेश का अल्प समय के लिए सोनकच्छ नगर आगमन हुआ। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष इकबाल पठान, सैयद इकराम अली उत्तराखण्ड, राष्ट्रीय महासचिव नाजिम साबरी उत्तराखण्ड भी साथ थे। वे देवास से खांतेगांव जा रहे थे। समस्त पदाधिकारियों का स्थानीय महाराणा प्रताप चौक पर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रोग्रेसिव पेंशनर अध्यक्ष प्रहलादसिंह बिजोनिया, सदर यूसुफ मोहम्मद शेख, अब्दुल सिद्दिक पठान, हाजी मुनव्वर खां पठान, दिलीपसिंह बघेल, शेख रऊफ, अय्युब खांन पठान, गंगाराम परमार, साबीर बा नुरी, शोएब पठान, शेख जाकीर, शाकीर खां पठान एवं समीर भाई उपस्थित थे।

माता टेकरी पर आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु, कलेक्टर और एसपी ने सपरिवार किए माता रानी के दर्शन

सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए प्रशासन ने किए व्यापक इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रविवार को प्रसिद्ध माता टेकरी पर आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह की पहली किरण के साथ ही मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मंदिर परिसर माता के जयकारों और भजनों से गूंज उठा। देवास के साथ इंदौर और आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। कतारों में खड़े श्रद्धालु अपनी बारी का इंतजार करते हुए पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ माता के दर्शन करते नजर आए।



कलेक्टर ने सपरिवार की पूजा-अर्चना

नवरात्रि के प्रथम दिवस कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सपत्नीक मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा की पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने टेकरी परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को दर्शन व्यवस्था सुगम बनाए रखने और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एसपी ने भी किए माता के दर्शन

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने सपरिवार माता टेकरी पहुंचकर मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा की पूजा-अर्चना की तथा जिलेवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ पूरे शहर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने पर्व की शुरुआत को विशेष बना दिया।

वॉलंटियर्स कर रहे श्रद्धालुओं की मदद

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र और मार्ग पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात है, वहीं 100 से अधिक वॉलंटियर्स श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग कर रहे हैं। मार्गों पर साइनेज बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि दर्शनार्थियों को आवागमन में सुविधा मिले।



माता टेकरी पर नवरात्रि को लेकर पुलिस मुस्तैद

सुरक्षा व्यवस्था के किए व्यापक इंतजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नवरात्रि पर्व के दौरान माता टेकरी पर दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम दर्शन सुनिश्चित करने के लिए देवास पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

एसपी ने जवानों को दिए दिशा निर्देश

एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा माता टेकरी पर नवरात्रि पर्व के दौरान ड्यूटी में तैनात किए जाने वाले 500 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा श्रद्धालुओं के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए गए। नवरात्रि के दौरान माता टेकरी पर तीन शिफ्टों में 24x7 पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। संपूर्ण क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी।

कैमरों से होगी निगरानी बनाया कंट्रोल रूम

कैमरों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए तीन अलग-अलग कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से संपूर्ण व्यवस्था पर नजर रखी जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों एवं संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतत निगरानी की जाएगी।

विद्यालय में सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक सहयोग प्रदान करना तथा उनमें सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य अनंत नागर के मार्गदर्शन में शिक्षकों के सहयोग से विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उन्हें अध्ययन के प्रति प्रोत्साहित किया गया।पाठ्य सामग्री वितरण के अंतर्गत छठी से आठवीं तक समस्त विद्यार्थियों को तथा इन के साथ गौरी डोड, दीपिका, आयुष बागवान एवं आनंद भाटी सहित अनेक विद्यार्थियों को सामग्री प्रदान की गई। पाठ्य सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई दी। कार्यक्रम में महेश चंद्र बिंजवा, इंदरसिंह लिलोरिया, अशोक गोयल, अरविंद वैष्णव, सुनील बामनिया, प्रदीप अटारिया, कुमेर सिंह कलेशरिया, ओमकंवर राणावत, तुलसी परमार, जिबरान मंसूरी, हंसराज बिंजवा, राजेश ठाकुर एवं नरोत्तम धानुक, पंकज पाटीदार सहित विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया। संचालन रामचंद्र जाट ने किया तथा अंत में सीताराम मालवीय ने आभार व्यक्त किया।

सेवा सेतु अभियान के तहत कन्या शाला की छात्राओं को मिली शैक्षणिक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, संकल्प और समर्पण के विचारों से प्रेरित सेवा सेतु अभियान अंतर्गत नगर पंचायत बागली द्वारा पीएम श्री कन्या माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 100 से अधिक छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। छात्राओं ने सामग्री प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की।कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने कहा कि सेवा सेतु अभियान विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

सेवा और समर्पण की भावना से किए गए कार्य समाज को आगे बढ़ाते हैं। अधिवक्ता प्रवीण चौधरी ने नगर पंचायत के अभियान की सराहना करते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति आज हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि बागली नगर पंचायत में अध्यक्ष सीमा यादव, उपाध्यक्ष आरती शिवहरे सहित 15 में से 11 महिला पार्षद हैं।चौधरी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विंग कमांडर व्योमिका सिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी की भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्हें छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों ने अपने दायित्वों के माध्यम से देशभक्ति, साहस और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम में आरती शिवहरे, शोभा गोस्वामी, गोविंद यादव, अखिल बडोला, कमल जायसवाल, अमित धूलिये, अनुराग गुप्ता, धर्मेंद्र आचार्य और पप्पू गुर्जर सहित अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम के सूत्रधार विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रहलाद चावड़ा रहे, जबकि संचालन शिक्षिका प्रज्ञा सेंधव ने किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि 100 से अधिक छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई।

सोनकच्छ में घट स्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि पर्व का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



शारदीय नवरात्रि पर्व रविवार को घट स्थापना के साथ शुभारंभ हुआ। पहले दिन नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों और घरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। नवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। नगर के विभिन्न मंदिरों और पंडालों में आकर्षक सजावट की गई है, वहीं बाजार में पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी।

पीपलेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घट स्थापना की गई। मंदिर के महंत लव चंद्रदास उदासीन मौन साधना के साथ मां की आराधना कर रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक माता की विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। नगर के बिजासन माता मंदिर, अन्नपूर्णा माता मंदिर, सांवेर स्थित माता मंदिर, इकलेरा के बिजासन माता मंदिर, धूमावती माता मंदिर तथा गंधर्वपुरी के मां भुवनेश्वरी देवी मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। आम गराडिया में चावरिया पहाड़ी पर स्थित माता मंदिर और गायत्री मंदिर, आनंद आश्रम सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी भक्तों की आवाजाही रही।नवरात्रि के अवसर पर नगर के सार्वजनिक स्थलों और विभिन्न कॉलोनियों में आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं। कालिसिंध मार्ग, खेड़ापति मंदिर, लक्ष्मीबाई मार्ग, सोमवारिया, बस स्टैंड, बिजासन मंदिर चौराहा, डाग बंगला रोड तथा लक्ष्मी नगर कॉलोनी के समीप माता के पंडाल बनाए गए हैं। इन स्थानों पर नौ दिनों तक धार्मिक आयोजन और माता की आराधना की जाएगी। नवरात्रि के पहले दिन ही मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ देखने को मिली।

घटस्थापना के साथ शारदीय नवरात्रि शुरू, शक्ति माता मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में रविवार से शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत हुई। पहले दिन घटस्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही नगर के प्राचीन शक्ति माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं। भक्तों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। नवरात्रि के पहले दिन नगर में जगह-जगह सजाए गए पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजित की गईं। कहीं ट्रैक्टर, कहीं पिकअप वाहन तो कहीं मोटरसाइकिल से माता की प्रतिमाएं लाकर स्थापित की गईं। प्रतिमाओं की स्थापना के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल रहा और लोग मां जगदंबे की आराधना में लीन नजर आए।नगर के प्राचीन शक्ति माता मंदिर में नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे। वहीं विभिन्न पंडालों में नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और गरबा आयोजन होंगे।

भौरासा के युवा अर्पित ने अपने हाथों से बनाई दुर्गा माता की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



शारदीय नवरात्रि के अवसर पर नगर के युवा अर्पित धुरिया ने अपने हुनर और रचनात्मकता से लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। अर्पित ने अपने घर पर करीब एक से दो माह की मेहनत से मां दुर्गा की लगभग पांच फीट ऊंची मिट्टी की प्रतिमा तैयार की है। उनकी इस कला की नगर में सराहना हो रही है।अर्पित, मनोज धुरिया के पुत्र हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें बचपन से ही मूर्तियां बनाने का शौक है। वे पहले भी अपने घर के लिए भगवान गणेश की प्रतिमाएं बनाते रहे हैं। इस बार उनके मन में अपने दुर्गा पंडाल के लिए मां दुर्गा की प्रतिमा स्वयं बनाने का विचार आया। इसके बाद उन्होंने घर पर ही प्रतिमा निर्माण का काम शुरू कर दिया। कागज, मिट्टी, चारा और चाक पाउडर आदि सामग्री का उपयोग कर प्रतिमा तैयार की।

मुख्यमंत्री ने बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया संबोधित

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 किसान हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण, देवास में आयोजित 'बलराम कृषि महोत्सव' एवं जिला स्तरीय किसान मेले का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समस्त प्रदेशवासियों एवं अन्नदाताओं को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा के जयकारे के साथ शुरुआत करते हुए कहा कि दो माताओं का वास, यही है देवास है। राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण उत्थान के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

देवास के किसानों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के अन्नदाता उन्नत तकनीकों और प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में कई उत्कृष्ट नवाचार कर रहे हैं, जिससे देवास पूरे प्रदेश में किसानी का एक आदर्श मॉडल बनकर उभर रहा है। विधायक गायत्री राजे पवार ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों और देवास मंडी व्यवस्था को अभूतपूर्व संबल प्रदान किया है। खेतों तक नर्मदा का जल पहुंचाने और अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा देने से किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 प्रगतिशील किसानों को मंच से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले कृषकों में आधुनिक खेती के लिए देवास के धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, उन्नत पशुपालन के लिए दौलत यादव, प्राकृतिक खेती के लिए पवित्रा नागर तथा फसल विविधीकरण के लिए ग्राम मेंडकी धाकड़ के जगदीश नागर शामिल हैं।

इसी क्रम में उद्यानिकी फसल (शेडनेट एवं पॉलीहाउस) हेतु सोनकच्छ के नारायण सिंह सेंधव, एफपीओ मार्केटिंग के लिए लक्ष्मीनारायण, प्राकृतिक खेती के लिए टोंकखुर्द की संगीता कुशवाह, खातेगांव की चिंताबाई कुमरे एवं बागली के बांकेसिंह कर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कन्नौद विकासखण्ड के ग्राम खेरखेड़ा से प्राकृतिक खेती के सफल क्रियान्वयन एवं प्रसार के लिए ज्योति राव तथा रामभरोसे बैरागी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, डॉ. रायसिंह सेंधव, राजेश यादव, एडीएम शोभाराम सोलंकी, संयुक्त संचालक कृषि आरपीएस नायक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान उपस्थित रहे।

गायत्री प्रज्ञा पीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गायत्री महायज्ञ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



अखिल विश्व गायत्री परिवार के सोनकच्छ स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर परिसर में रविवार को शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना एवं पूजन के साथ गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। सुबह 6 बजे कलश स्थापना कर पूजन एवं जप संकल्प लिया गया। इसके बाद सुबह 8 बजे एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ, जिसकी पूर्णाहुति महानवमी के दिन होगी।यज्ञ के मुख्य यजमान संदीप (नीलू) मेहता एवं उनका परिवार रहा। इस दौरान जयंत-मोनिका, नलिन-गरिमा, शारदा देवी, माया मेहता एवं ऋतु मेहता सहित परिवार के सदस्यों ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं।

गायत्री परिवार के सोभाग सिंह ठाकुर एवं रमेशचंद्र मेहता ने बताया कि नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से यज्ञ होगा। साथ ही विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। यज्ञ के बाद आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। अनुष्ठान की पूर्णाहुति 19 अक्टूबर को महानवमी पर सुबह 8:30 बजे गायत्री महायज्ञ के माध्यम से होगी। वहीं, 20 अक्टूबर को विजयादशमी पर यज्ञ के पश्चात कन्या भोज आयोजित किया जाएगा। आयोजन में शिवनारायण शर्मा, सतीशचंद्र तिवारी, अरविंद मेहता, शिवप्रकाश गुप्ता, इंद्रकुमार शर्मा, मुकेश महाजन, सुनील विश्वकर्मा, अजय कसेरा, हरेन मेनिया, कुलदीप शर्मा सहित महिला मंडल की अनिता मेहता, जानकी शर्मा, पुष्पा राजपूत, मोनिका गुप्ता एवं जानवी कसेरा सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

खबर संक्षेप

मंदिर के सामने महिला का मंगलसूत्र छीना

ललितपुर। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रविवार की सुबह सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलसूत्र छीनने की वारदात सामने आई। श्रीरघुनाथ जी बड़े मंदिर में जल चढ़ाकर घर लौट रही महिला के गले से अज्ञात बदमाश झपट्टा मारकर सोने का मंगलसूत्र छीन ले गया। घटना के बाद पीड़िता ने सदर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा और आरोपी की तलाश कर मंगलसूत्र बरामद कराने की मांग की। चौबयाना नंबर-1 स्कूल के पीछे निवासी सपना कुशवाहा पत्नी राकेश कुशवाहा रविवार सुबह करीब 5.30 बजे श्रीरघुनाथ जी बड़े मंदिर में जल चढ़ाने गई थीं। पूजा-अर्चना के बाद वह घर लौट रही थीं। इसी दौरान मंदिर के सामने रास्ते में एक अज्ञात व्यक्ति उनके पास पहुंचा और अचानक गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग निकला। अचानक हुई घटना से महिला घबरा गईं। जब तक वह कुछ समझ पातीं, आरोपी मौके से फरार हो चुका था।

दो युवकों से रुपए व मोबाइल छीना

ललितपुर। थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खोखरा के पास स्कॉर्पियो सवार लोगों द्वारा दो युवकों के साथ गाली-गलौज कर रुपये मांगने और धमकाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर एक युवक को जान से मारने की धमकी दी गई, जबकि उसके साथी से 9,000 रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिया गया। थाना बानपुर ग्राम गंगचारी निवासी शिवम राजपूत पुत्र फूलसिंह राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 अक्टूबर 2026 को शाम करीब 7.40 बजे वह अपने मित्र गंगचारी निवासी अंशुल यादव पुत्र राजू यादव के साथ किराने का सामान लेकर ग्राम रजवारा से अपने गांव लौट रहा था। दोनों जब ग्राम खोखरा के पास पहुंचे, तभी स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार रामसिंह अहिरवार और उसके अन्य साथी वहां आ पहुंचे। स्कॉर्पियो सवार लोगों ने दोनों युवकों के साथ गाली-गलौज करते हुए रुपये मांगे। आरोप है कि जब अंशुल यादव ने रुपये देने से इनकार किया तो आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान शिवम राजपूत अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला, जबकि उसका मित्र अंशुल मौके पर ही रह गया। कुछ देर बाद जब स्कॉर्पियो सवार लोग वहां से चले गए तो वह वापस अपने मित्र के पास पहुंचा। तब अंशुल ने उसे बताया कि आरोपितों ने डराकर उससे नौ हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन छीन लिया है।

11 वर्षीय बच्चे पर चाकू से हमला किया

ललितपुर। शहर के कैलगुवां बाईपास के पास स्थित गौर कॉलोनी में शनिवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर 11 वर्षीय बच्चे पर चाकू से हमला कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार और आसपास के लोगों के आने की आहट सुनकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए छत से कूदकर पास के खेतों की ओर भाग निकला। गौर कॉलोनी निवासी नीटू सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 अक्टूबर को शाम करीब 6.30 बजे उनका 11 वर्षीय बेटा घर पर अकेला था। उस समय वह किसी काम से बाहर गए थे, जबकि उनकी पत्नी मोहल्ले में सामान लेने गई हुई थीं। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर में घुस आया। घर में घुसे व्यक्ति ने रसोई से चाकू उठाया और बच्चे पर हमला कर दिया।

रास्ते में रोककर युवक और परिजनों को पीटा

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम खादी मजरा शाहपुर में मेहरवान माता मंदिर के पास एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक नामजद व्यक्ति ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर युवक को लाठी-डंडों और लात- घूंसों से पीटा। शोर सुनकर बीच- बचाव करने पहुंचे उसके भाई, मां और बहू के साथ भी मारपीट की गई। घटना में युवक और उसके भाई को चोटें आने का आरोप है। तहरीर पर तालबेहट पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नवरात्रि पर मंदिरों में पहुंचीं, मां दुर्गा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

पालिकाध्यक्ष ने मंदिरों और दुर्गा पंडालों में सफाई व प्रकाश व्यवस्था का किया निरीक्षण

अधिकारियों को दिए निर्देश लापरवाही पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने प्रमुख देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने नगरवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने नगर की सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने ललितपुर के प्रसिद्ध ललितेश्वरी माता मंदिर, चौबयाना स्थित काली बउआ मंदिर, गांधीनगर स्थित चंडी माता मंदिर तथा सुम्मेरा तालाब स्थित छोटी माता मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर स्थापित दुर्गा पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिरों एवं पंडालों में मौजूद श्रद्धालुओं से संवाद कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। नवरात्रि के दौरान मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए पालिकाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को धार्मिक स्थलों के आसपास नियमित साफ-सफाई कराने, कूड़े-कचरे का समय से निस्तारण करने तथा नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों, मंदिरों, दुर्गा पंडालों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके बाद पालिकाध्यक्ष ने नगर पालिका की टीम के साथ विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सफाई निरीक्षकों, प्रभारी सफाई निरीक्षक एवं स्वास्थ्य नायकों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने और सफाई कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। नगर की प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सोनाली जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख मार्गों, चौराहों, मंदिरों के आसपास, दुर्गा पंडालों और सार्वजनिक स्थलों पर लगी स्ट्रीट लाइटों की जांच कराई जाए। जहां भी लाइटें खराब अथवा बंद मिलें, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए, जिससे रात्रि के समय श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि नवरात्रि पर्व के दौरान सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करते रहें। निर्देशों की अनदेखी अथवा कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि नवरात्रि के दौरान स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था अथवा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित कोई समस्या सामने आने पर नगर पालिका परिषद को अवगत कराएं, ताकि उसका शीघ्र समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता है। जनसहभागिता और अधिकारियों-कर्मचारियों की सक्रियता से ही नगर में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकती हैं। पालिका प्रशासन नवरात्रि सहित सभी प्रमुख पर्वों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान सफाई निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, बद्री कुशवाहा, गैराज प्रभारी अमित कुमार रिंकू, नवीन जैन सहित संबंधित स्वास्थ्य नायक, नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मां की प्रतिमा स्थापित की

शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, पूजा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मां भगवती की आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ होते ही जनपदभर में भक्तिमय माहौल छा गया। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक माता रानी के जयकारे गूंजने लगे। रविवार को विभिन्न स्थानों पर आकर्षक ढंग से सजाए गए पंडालों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया।

इसके साथ ही कलश स्थापना और जवारों की स्थापना कर नौ दिनों तक चलने वाली देवी आराधना का विधिवत शुभारंभ हुआ। नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मां ललितेश्वर मंदिर, काली बऊआ मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक, पूजन-अर्चन और दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। शहर के कटरा बाजार में मां श्रीमहाकाली की प्रतिमा स्थापित की गई, जबकि सराफा बाजार में मां श्री दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई। दोनों स्थानों पर आकर्षक साज-सज्जा के बीच माता रानी की आराधना को लेकर भक्तों में उत्साह देखने को मिला। इधर सिद्धपीठ श्रीचण्डी मंदिर परिसर में भी महामण्डलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी जी महाराज के नेतृत्व में मां भगवती की प्रतिमा को स्थापित किया गया है। इसी क्रम में श्रीवैष्णो महोत्सव समिति, आजाद चौक की ओर से विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन एवं कलश स्थापना की गई।

इस धार्मिक आयोजन में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। जनपद के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी मां भगवती की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। नवरात्रि के आगमन के साथ ही श्रद्धालु नौ दिनों तक व्रत, पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना करेंगे। पूरे जनपद में नवरात्रि पर्व को लेकर उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंका, निष्पक्ष जांच करने की मांग की

निर्वाचन प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर जताया विरोध

ललितपुर। निर्वाचन प्रक्रिया में कथित गड़बडिय़ों के आरोपों को लेकर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष इंजी. हृदेश यादव मुखिया के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के प्रति नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष इंजी. हृदेश यादव मुखिया ने आरोप लगाया कि निर्वाचन प्रक्रिया में कथित गड़बडिय़ों से लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता के मताधिकार को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और संदेह से परे होनी चाहिए, ताकि आम जनता का चुनाव व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की गरिमा और निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना आवश्यक है। यदि चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत सामने आती है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कराकर तथ्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में



कथित अनियमितताओं की जांच कराने और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर उठाए गए सवालों पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने निष्पक्ष निर्वाचन, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का मुद्दा उठाया। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष इंजी. हृदेश यादव मुखिया, चारू जैन, बिट्टू यादव, मंचल, पंकज भज्जू, आकाश सहरिया, आकिब मंसूरी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारी वरदानी भवन में चैतन्य देवी झांकी के दर्शन

नवरात्रि में करना चाहिए अष्टशक्तियों का आह्वान, आत्म परिवर्तन का दिया संदेश, आध्यात्मिक कार्यक्रम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वरदानी भवन में श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने देवी मां की चैतन्य झांकी के दर्शन किए। विधि-विधान से आरती एवं पूजा-अर्चना के साथ मां की आराधना की गई। नवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व और आत्म-परिवर्तन के संदेश पर प्रकाश डाला गया।

राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदीजी ने अष्टभुजाधारी देवी के आध्यात्मिक रहस्य को समझाते हुए कहा कि देवी के आठ हाथ आत्मा की आठ शक्तियों के प्रतीक हैं, जबकि उनके हाथों में धारण किए गए शस्त्र परमात्म ज्ञान का प्रतीक हैं। इन आध्यात्मिक शक्तियों के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर मौजूद काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों पर विजय प्राप्त कर सकता है। बीके चित्ररेखा दीदीजी ने कहा कि श्राद्ध पक्ष के बाद नवरात्रि का आगमन आध्यात्मिक दृष्टि से स्वयं को बदलने और आंतरिक शक्तियों को जागृत करने का संदेश देता है। इसके लिए सबसे पहले मन में संचित पुरानी बातों, कटु अनुभवों और शिकायतों को छोड़ना आवश्यक है। जब व्यक्ति अपने मन को नकारात्मक विचारों से मुक्त करता है, तभी उसके भीतर प्रेम, शांति, क्षमा और शुभभावना जैसे गुण विकसित होते हैं।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल देवी की पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने और आत्मिक शक्ति को पहचानने का अवसर भी है। प्रत्येक व्यक्ति को दूसरों के प्रति प्रेम, क्षमाभाव और शुभचिंतन रखते हुए अपने विचारों एवं व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। दीदीजी ने संदेश दिया कि देवी की शक्तियों को अपने जीवन में धारण करना ही नवरात्रि की वास्तविक साधना है। जब मनुष्य अपने अवगुणों पर विजय प्राप्त कर श्रेष्ठ गुणों को अपनाता है, तब उसका जीवन सुख, शांति और सद्भाव से परिपूर्ण बनता है। आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग के अभ्यास से आत्मा को सशक्त बनाकर जीवन को सकारात्मक दिशा दी जा सकती है। कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धालुओं को नवरात्रि के अवसर पर बाहरी पूजा के साथ-साथ आंतरिक शुद्धता, आत्मचिंतन और चरित्र निर्माण का संकल्प लेने की प्रेरणा दी गई।

तीन वर्षों से निशुल्क हॉस्पिटल फर्नीचर उपलब्ध करा रहे

किशन चंद सराफ की पुण्यतिथि पर सेवा बैंक का विस्तार, मरीजों को मिलेगी और मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



वरिष्ठ समाजसेवी स्व.किशन चन्द सराफ की तृतीय पुण्यतिथि पर रविवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में श्रद्धांजलि सभा, निशुल्क भोजन सेवा तथा निशुल्क हॉस्पिटल फर्नीचर एवं उपकरण सेवा बैंक के विस्तार का कार्यक्रम श्रद्धा और सेवाभाव के साथ आयोजित किया गया।

इस दौरान स्व.किशन चन्द सराफ के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही सेवा बैंक में नवीन फर्नीचर एवं उपकरणों को शामिल कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता के कार्य को और गति प्रदान की गई। लायंस क्लब ललितपुर एवं सराफ परिवार के सहयोग से संचालित यह सेवा बैंक पिछले तीन वर्षों से जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों को चिकित्सकीय उपयोग के आवश्यक फर्नीचर एवं उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराने में जुटा है। बीमारी, दुर्घटना अथवा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के दौरान मरीजों की देखभाल के लिए आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था करना कई परिवारों के लिए आर्थिक चुनौती बन जाता है। ऐसे परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस पहल का विस्तार किया गया, जिससे अधिक जरूरतमंद लोगों तक सेवा का लाभ पहुंच सके।

कार्यक्रम में लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं श्रीवर्णी जैन कॉलेज समिति के प्रबंधक-सचिव एमजेएफ लायन सन्मति सराफ ने अपने पिता स्व. किशन चन्द सराफ का स्मरण करते हुए कहा कि माता-पिता से प्राप्त संस्कार जीवन की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनकी स्मृतियों को जनसेवा से जोडऩा ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि परिवार का संकल्प है कि पिताश्री की पुण्य स्मृति में प्रारंभ किया गया सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ता रहे और जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सहारा मिलता रहे। सेवा की वास्तविक सार्थकता किसी के जीवन में राहत पहुंचाने और जरूरतमंदों की परेशानियां कम करने में है। सेवा बैंक का विस्तार इसी भावना का परिणाम है। पुण्यतिथि के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में निःशुल्क भोजन सेवा भी आयोजित की गई। इस दौरान जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में सराफ परिवार के सदस्यों ने सहभागिता कर अपने पूर्वज की स्मृति को समाजसेवा के कार्यों से जोडऩे का संकल्प दोहराया। उपस्थित लोगों ने सेवा बैंक की पहल को जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। सुलोचना सराफ, एमजेएफ लायन सन्मति सराफ, शैलेन्द्र सराफ, सुनीता सराफ, नीलम सराफ, अदित सराफ, कृतिका एवं मानवी आदि मौजूद रहे।

पार्क के सौंदर्यीकरण की उठी मांग

धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती

ललितपुर। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन महाराज की जयंती श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई गई। अग्रसेन पार्क स्थित महाराजा अग्रसेनजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन एवं आरती की गई। इसके बाद उपस्थित लोगों को खीर एवं मिष्ठान वितरित किया गया। वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेनजी के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेनजी को समाजवाद और सामाजिक समानता के विचारों का प्रवर्तक माना जाता है। उन्होंने अपने राज्य में एक ईंट और एक स्वर्ण मुद्रा देने की परंपरा स्थापित की थी। इस व्यवस्था के अंतर्गत राज्य में आने वाले नए व्यक्ति को प्रत्येक नागरिक एक ईंट और एक स्वर्ण मुद्रा देता था, जिससे वह अपना घर बनाने और स्वर्ण मुद्रा के माध्यम से व्यापार शुरू कर आत्मनिर्भर बनने में सक्षम हो सके। यह परंपरा सामाजिक सहयोग, समानता और परस्पर सहभागिता का संदेश देती है। वक्ताओं ने कहा कि महाराजा अग्रसेनजी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाते हुए जरूरतमंदों की सहायता, आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए।



जयंती कार्यक्रम के अवसर पर अग्रवाल समाज के लोगों ने नगर पालिका परिषद से अग्रसेन पार्क के सौंदर्यीकरण की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के नाम पर स्थापित पार्क को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाया जाना चाहिए, ताकि यहां आने वाले लोगों को बेहतर वातावरण मिल सके और पार्क की गरिमा बनी रहे। कार्यक्रम में डा.आर.के. अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, रामशरण अग्रवाल, हरप्रकाश अग्रवाल, सुरेशचंद्र अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अनूप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

तालबेहट पुलिस ने 5 वारंटियों को किया गिरफ्तार, न्यायालय में किया गया पेश



ललितपुर। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस ने रविवार को पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी गिरफ्तार वारंटियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र मिश्रा के नेतृत्व में तालबेहट पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में ग्राम बिजरौठा मजरा पारा निवासी रामलखन यादव पुत्र जगदीश सिंह, ग्राम दिगारा निवासी किशनलाल पुत्र मुन्नालाल, ग्राम कड़ेसराकलां मजरा चकई निवासी बब्लू उर्फ गणेश अहिरवार पुत्र भग्गू अहिरवार, ग्राम पवा निवासी हरिराम पुत्र बच्चू वंशकार, ग्राम टेकरी निवासी सुरेश यादव शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तारियां 11 अक्टूबर 2026 को की गईं। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना तालबेहट के प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र मिश्रा एवं पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस द्वारा वारंटियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही गई है।

तालाबपुरा में श्रीलक्ष्मीनृसिंह रामलीला का भव्य शुभारंभ

नारद मोह का सजीव मंचन, वृंदावन के कलाकारों ने मोहा मन

महंत गंगादास महाराज ने फीता काटकर किया उदघाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शहर के तालाबपुरा स्थित श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर के तत्वावधान में आयोजित पारंपरिक श्रीलक्ष्मीनृसिंह रामलीला का रविवार को धार्मिक विधि-विधान एवं भक्तिमय वातावरण में भव्य शुभारंभ हुआ।

प्रथम दिवस गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ किया गया। इसके बाद श्रीकिशोरी रासलीला व रामलीला संस्थान, श्रीधाम वृंदावन के कलाकारों ने नारद मोह की लीला का प्रभावशाली मंचन कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। उद्घाटन महंत गंगादास महाराज ने फीता काटकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और धर्मप्रेमी नागरिक मौजूद रहे। वृंदावन से आए कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट अभिनय कला, प्रभावशाली संवाद अदायगी और सजीव मंचन से पौराणिक प्रसंग को जीवंत कर दिया। लीला में देवर्षि नारद की तपस्या, साधना से उत्पन्न अभिमान और भगवान विष्णु की लीला के माध्यम से उनके मोहभंग का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुग्ध नजर आए। मंचन के माध्यम से संदेश दिया गया कि मनुष्य को अपनी उपलब्धियों पर कभी अहंकार नहीं करना चाहिए, बल्कि जीवन में सदैव विनम्रता बनाए रखनी चाहिए। उपस्थित दर्शकों ने तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। श्रीलक्ष्मीनृसिंह रामलीला का आयोजन ललितपुर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रामलीला के माध्यम से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, पौराणिक आख्यानों और भगवान श्रीराम के आदर्शों से परिचित होने का अवसर मिलता है। आयोजन स्थल पर श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। प्रथम दिवस की लीला के सफल मंचन के बाद श्रद्धालुओं में आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी उत्सुकता दिखाई दी। उद्घाटन समारोह में महंत गंगादास महाराज, दिगंबर अखाड़ा उत्तराधिकारी महंत रामलखन दास महाराज, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत प्रशासक कैलाश नारायण, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी, ओमप्रकाश शास्त्री, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिचंद्र रावत, प्रदीप चौबे, एड.भगवत अग्रवाल, रामलीला समिति अध्यक्ष राजीव बबेले, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, मुन्नालाल जैन, बीके सरदार, धर्मेंद्र रावत, गौरव, राजकुमार, अजय तिवारी नीलू, शशिभूषण बुंदेला, निखिल तिवारी, बी.एन.बाजपेयी, जगदीश पाठक, देवेंद्र चतुर्वेदी, बृजेश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

एचपीसीएल में 2015 से कार्यरत थे राघवेंद्र विश्वकर्मा, मौत, 11 वर्षीय बेटा गंभीर घायल

विधायक की कार की टक्कर से परिवार पर संकट, 3 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर के छोटी महाकाल होटल के पास हाईवे पर हुए सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को गहरे संकट में डाल दिया। राजगढ़ विधायक की फॉर्च्यूनर कार की टक्कर से बाइक सवार राघवेंद्र विश्वकर्मा की मौत हो गई, जबकि उनका 11 वर्षीय बेटा लक्ष्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार के सामने बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई और भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।



बाजार से घर लौट रहे थे राघवेंद्र, रास्ते में हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से छतरपुर जिले के निवासी राघवेंद्र विश्वकर्मा करीब दस वर्षों से पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत थे। वे वर्ष 2015 से एचपीसीएल कंपनी में काम कर रहे थे और मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। करीब डेढ़ साल पहले ही उन्होंने कुरावर की हाईवे स्थित एसएस न्यूमार्केट रिजेंसी कॉलोनी में अपना घर बनाकर परिवार के साथ रहना शुरू किया था। हादसे के समय राघवेंद्र बाजार से खाने-पीने की वस्तुएं, फल और सब्जियां खरीदकर अपने छोटे बेटे लक्ष्य के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान भोपाल की ओर से आ रही फॉर्च्यूनर कार क्रमांक एमपी 04 डब्ल्यूसी 0111 ने छोटी महाकाल होटल के पास उनकी बाइक क्रमांक एमपी 04 क्यूएम 5768 को टक्कर मार दी। हादसे में राघवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई, जबकि बेटा लक्ष्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, ओवरब्रिज पर चढ़ाई के ठीक पहले हुआ हादसा



टीआई जितेंद्र मवई के अनुसार, भोपाल से राजगढ़ लौट रहे विधायक की कार ने बाइक सवार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में कुरावर की न्यू मार्केट कॉलोनी निवासी राघवेंद्र विश्वकर्मा (42) और उनका बेटा लक्ष्य विश्वकर्मा (11) घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार सुबह प्रातः 7.30 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार जब ओवरब्रिज से ठीक पहले अवैध कट पॉइंट पर फोरलेन पार करने के लिए राघवेन्द्र सड़क किनारे पर खड़े होकर वाहन निकलने की प्रतिक्षा कर रहे थे तभी अचानक भोपाल की तरफ से तेज रफ्तार कार पिता-पुत्र को टक्कर मार दी। मामले में पुलिस ने ड्राइवर पर मामला दर्ज कर कार जप्त कर ली है। वहीं, हादसे के बाद छोटी महाकाल होटल के पास बने अवैध कट पॉइंट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थान पर सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

पत्नी सविता और तीन बच्चों के सामने जीवन का सबसे बड़ा संकट

राघवेंद्र अपने परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा थे। उनके परिवार में पत्नी सविता विश्वकर्मा, बड़ा बेटा आदित्य विश्वकर्मा, छोटा बेटा लक्ष्य विश्वकर्मा और बेटी धनिष्का हैं। पिता की असमय मौत ने तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया छीन लिया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल लक्ष्य के उपचार और परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर भी चिंता बनी हुई है।परिवार के लिए सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि घर चलाने वाला व्यक्ति अब इस दुनिया में नहीं रहा।

शासन-प्रशासन से मदद की मांग

शासन-प्रशासन से मदद की मांग
हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आने की मांग की है। लोगों का कहना है कि परिवार की स्थिति को देखते हुए बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, भरण-पोषण और आजीविका के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि विधायक सहित संबंधित जनप्रतिनिधि और प्रशासन परिवार की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं, आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा संबंधी सुविधाओं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए पहल करें। साथ ही, घायल बालक के उपचार में भी हरसंभव सहयोग किया जाए। स्थानीय लोगों की मांग है कि पीड़ित परिवार को केवल सांत्वना ही नहीं, बल्कि ठोस आर्थिक और सामाजिक सहायता भी मिले, जिससे सविता विश्वकर्मा अपने बच्चों का भविष्य संवार सकें।

मोड़ पर अनियंत्रित हुई

नारानिया में स्कूल क्रूजर खंती में कूदी, 14 बच्चे बाल-बाल बचे



ड्राइवर के पास हैवी लाइसेंस नहीं मिला पुलिस ने क्रूजर जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र के नारानिया गांव में शनिवार सुबह स्कूली बच्चों से भरी क्रूजर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा कूदी। वाहन में 14 बच्चे सवार थे, जो हादसे में बाल-बाल बच गए। जिस स्थान पर क्रूजर खंती में गिरी, उसके सामने कुआं था। गनीमत रही कि वाहन कुएं से कुछ कदम पहले ही तिरछा होकर रुक गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, शांति इंटरनेशनल स्कूल, पटाड़िया धाकड़ की क्रूजर क्रमांक एमपी 42 पी 0553 रोज की तरह शनिवार सुबह करीब 10 बजे नारानिया गांव से बच्चों को लेने पहुंची थी। यहां से स्कूल जाने वाले 19 बच्चों में से सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के चलते पांच बच्चे स्कूल नहीं गए। शेष 14 बच्चों को बैठाकर चालक हरिओम रुहेला वाहन लेकर रवाना हुआ। आरोप है कि गांव से बाहर निकलते ही चालक ने क्रूजर तेज गति से दौड़ा दी। नारानिया से हाईवे की ओर जाने वाली सड़क के मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गया और खंती में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम और इमरजेंसी वाहन के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घबराए बच्चों से बातचीत कर उनका हाल जाना और चालक से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में चालक के पास हैवी वाहन चलाने का लाइसेंस नहीं मिला। वहीं, उसका चरित्र प्रमाणपत्र भी नहीं बनवाया गया था। पुलिस ने क्रूजर जब्त कर चालक को पूछताछ के लिए थाने लाया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

चार-चार घंटे बिजली बंद रहने से खेती और जनजीवन प्रभावित

अघोषित बिजली कटौती से परेशान हो की नारेबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सरकार भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे कर रही हो, लेकिन अघोषित बिजली कटौती से किसानों और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इसी के विरोध में शुक्रवार देर रात सारंगपुर के बालोंडी गांव के किसानों ने विद्युत कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी की और नियमित बिजली आपूर्ति की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि बालोंडी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में चार-चार घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक वर्ष से बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। वहीं, शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त बिजली मिल रही है। ऐसे में ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब शहरों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति हो रही है, तो गांवों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है? किसानों ने बताया कि गेहूं की बुआई हो चुकी है और अब खेतों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना जरूरी है। बिजली नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है। वहीं, रात में बिजली कटौती के कारण बच्चों, माता-पिता और बुजुर्गों को मच्छरों के बीच परेशान होना पड़ता है। इस दौरान ग्रामीणों ने श्अटल ज्योति सिर्फ नाम की हैश और श्विद्युत विभाग हाय-हायश जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। विद्युत कार्यालय में मौजूद ऑपरेटर मनोज बादल ने डायल 112 पर मोबाइल से सूचना दी। ऑपरेटर ने ग्रामीणों को बताया कि बिजली कटौती भोपाल स्तर से हो रही है और स्थानीय स्तर पर विद्युत कर्मचारी कटौती नहीं कर रहे हैं। प्रदर्शन में वीरेंद्र सिंह राजपूत, बालू सिंह राजपूत, चंद्रपाल सिंह, रोहित झाला, जसमत सिंह और निखिल माहेश्वरी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे। किसानों ने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि सिंचाई और घरेलू जरूरतों के लिए लोगों को परेशान न होना पड़े।

आर्यरक्षित तीर्थ धाम पर नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप का आयोजन हुआ

विश्व के 30 देशों की 30 भाषाओं में नवकार सुनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

आर्यरक्षित तीर्थ धाम चन्द्रपुरा में सकल जैन समाज के तत्वावधान में श्री आर्यजागरण चातुर्मास समिति के सहयोग से सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप का विशिष्ट आयोजन किया गया। उपस्थित जैन श्रावक-श्राविकाओं ने इस आयोजन में सहभागिता की। आचार्य श्री अशोकसागरसूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री सागरचंद्र सागर सूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा 10 की पावन प्रेरणा व निश्रा में आयोजित इस आयोजन में मंदसौर नगर के दिगंबर, श्वेतांबर, मूर्तिपूजक व स्थानकवासी जैन आम्नाय को मानने वाले सभी जैन धर्मावलंबी एक ही स्थान पर एकत्रित हुए और उन्होंने सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया। मंदसौर के जैन पाठशालाओं के बच्चों एवं प्रबुद्ध श्राविकाओं ने इस अवसर पर विश्व के 30 देशों की 30 भाषाओं में नवकार महामंत्र श्रवण कराया। एक साथ एक ही जगह पर दुनिया के 30 देशों की 30 भाषाओं में नवकार महामंत्र बोला गया व सुना गया। नवकार महामंत्र के जाप के उपरांत आयोजन में शामिल हुए सभी श्रावक-श्राविकाओं व बच्चों के लिए श्री आर्यजागरण चातुर्मास समिति के द्वारा सहधर्मी स्वामीवात्सल्य का भी आयोजन किया गया। आचार्य श्री अशो\क सागरसूरिश्वरजी म.सा., आचार्य श्री सागरचंद्र सागरसूरिजी म.सा. एवं मंदसौर में चातुर्मास कर रहे दिगंबर मुनि 108 श्री शुद्ध सागरजी म.सा., मुनिराज श्री विरल विजयजी म.सा., मुनिराज श्री प्रत्यक्ष रत्नविजयजी म.सा., साध्वी श्री शीलरेखाश्रीजी म.सा., साध्वी श्री शीलमालाजी म.सा., साध्वी श्री जयवर्धन श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में उपस्थित सामूहिक नवकार महामंत्र जाप के इस विशिष्ट कार्यक्रम में सर्वप्रथम नवकार महामंत्र के चित्र पर माल्यार्पण सांसद सुधीर गुप्ता, मंदसौर विधायक विपिन जैन, नागेश्वर तीर्थ पेढ़ी सचिव धर्मचन्द्र जैन,जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष्या संतोश मेहता, सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन गोटावाला, सहित बड़ी संख्या में जैन समाजजन उपस्थित थे।



नवकार महामंत्र के इस विशिष्ट कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रावक-श्राविकाओं ने दिगंबर, श्वेतांबर आम्नाय के सभी संतों व साध्वियों के साथ गुरुवंदन किया। आचार्य श्री अशोक सागरजी म.सा. ने सभी को मांगलिक श्रवण कराई। आचार्य श्री सागरचंद्र सागरजी म.सा. ने कहा कि नवकार महामंत्र विश्व का सबसे प्राचीन व अद्भुत मंत्र है। इस मंत्र का जो भी पूरे मनोभाव से जाप करता है उसे शाश्वत सुख मिलता है। आपने कहा कि दिगंबर, श्वेतांबर, स्थानकवासी सभी को जोड़ने वाला कोई मंत्र है तो वह नवकार महामंत्र है।

रामलीला का शुभारंभ, राम जन्म और ताड़का वध का मंचन किया



नरसिंहगढ़। शहर की ऐतिहासिक रामलीला का शुभारंभ शुक्रवार रात गणेश पूजन और आरती के साथ हुआ। हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद रामचरितमानस की चैपाइयों के बीच राम जन्म और ताड़का वध के प्रसंगों का मंचन किया गया। स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति देखने बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। राम की भूमिका निभा रहे सुमित व्यास के लिए यह किरदार मर्यादा, धैर्य और सत्य को जीवन में उतारने की प्रेरणा है। लक्ष्मण की भूमिका में राजेंद्र सिंह तोमर ने त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को इस चरित्र की प्रमुख सीख बताया। रावण का अभिनय कर रहे दीपेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि यह भूमिका अहंकार के दुष्परिणामों पर आत्मचिंतन का अवसर देती है। वहीं, हनुमान की भूमिका निभा रहे शिरीष उपाध्याय ने विनम्रता, भक्ति और निस्वार्थ सेवा को इस चरित्र का मूल संदेश बताया। नरसिंहगढ़ में रामलीला मंचन की परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है। बीच के कुछ वर्षों तक आयोजन बंद रहा, हाल के वर्षों में इसे फिर शुरू किया। डिजिटल मनोरंजन के दौर में भी स्थानीय कलाकार पारंपरिक मंचन के जरिए इस सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। रामलीला का समापन 21 अक्टूबर को होगा। विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा, सत्येंद्र सिंह राठौर, शिव वैद्य, सद्गुरु आश्रम के प्रफुल्ल तोमर, छत्रवर्धन सिंह, कपिल वैद्य, जितेंद्र शर्मा, रामलीला समिति अध्यक्ष चेतन त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

भैंसवा माताजी, नौ दिन तक उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शारदीय नवरात्रि का पर्व शनिवार से शुरू हो रहा है। विश्व प्रसिद्ध सिद्धदात्री मां बिजासन धाम भैंसवा माताजी में नौ दिनों तक आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन कर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करेंगे।

मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ट्रस्ट समिति ने पेयजल, छांव, अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र, एंबुलेंस और पार्किंग की व्यवस्था की है। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहेगा। नवरात्रि में घट स्थापना के साथ साधना, आराधना, जप, तप और हवन-पूजन किया जाएगा। दुर्गा नवमी पर मां बिजासन का विशेष अभिषेक होगा। पुजारी परिवार और ग्रामीण नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे रहेंगे। सारंगपुर, पचोर, जीरापुर, खुजनेर सहित सैकड़ों गांवों से भक्त चुनरी लेकर माता के दरबार पहुंचेंगे। मां बिजासन मंदिर का निर्माण नागर शैली



में मकराना के कुंभारी पत्थर से किया जा रहा है। करीब 81 फीट ऊंचे शिखर का निर्माण प्रगतिरत है। अगले चरण में सभा मंडप, रंग मंडप और स्वागत द्वार का निर्माण किया जाएगा। मंदिर को भव्य स्वरूप देने का कार्य जारी है।

मुक्तिधाम में अस्थि कलशों को सुरक्षित रखने की मिलेगी सुविधा

ब्यावरा। अपनों को खोने का दुख झेल रहे परिजनों के लिए अंतिम संस्कार से जुड़ी व्यवस्थाओं को सहज और व्यवस्थित बनाना भी सामाजिक सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसी उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा राजगढ़ ने ब्यावरा जनकल्याण समिति (मुक्तिधाम सुधार समिति) को अस्थि कलशों के सुरक्षित संग्रहण के लिए अलमारी भेंट की है। मुक्तिधाम परिसर में उपलब्ध कराई गई इस सुविधा से अस्थियों को व्यवस्थित और सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के बाद अस्थियों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता को देखते हुए यह पहल की गई है।

अलमारी की व्यवस्था होने से अस्थि कलशों को रखने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा और उनका संग्रहण पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा सकेगा। यह पहल उन परिवारों के लिए भी उपयोगी साबित होगी, जिन्हें विभिन्न कारणों से अस्थि विसर्जन की प्रक्रिया पूरी करने में समय लगता है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा, ब्यावरा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. केसी मिश्रा, सचिव कृष्ण बल्लभ गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. अशोक अग्रवाल, डॉ. कैलाश मिश्रा, संपत मोदानी, मुकेश सेन, प्रिंस छाबड़ा, सुरजीत अजवानी, शिशुपाल राणा, गिरिराज शाक्यवार, महेंद्र शाक्यवार, चिराग मोदानी, दुर्गा साहू और संजय सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी को महर्षि गौतम महिला सोशल ग्रुप ने श्रद्धांजलि दी



मंदसौर। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी उज्जैन के असामयिक आकस्मिक निधन पर महर्षि गौतम महिला सोशल ग्रुप द्वारा शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उनकी समाज के प्रति की गई सेवाओं का स्मरण कर भगवान जगदीश से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान सोमलता जोशी,कृष्णा जोशी, चंद्रकांता पुराणिक,चंदा चाष्टा,अमिता जोशी,सीमा शर्मा, आराधना शर्मा,प्रीति पुरोहित,रमा शर्मा,गीता शर्मा, तरुणा शर्मा ,रश्मि तिवारी अरुणा व्यास, श्रद्धा दीक्षित, सरिता जोशी, सुनीता शर्मा पिंकी शर्मा, टीना तिवारी मोनिका जोशी आदि उपस्थित थीं। यह जानकारी तरुणा शर्मा ने दी।

समाजसेवी सुनील बंसल व मित्रों ने हरिद्वार में प्रवाहित कीं निराश्रितों की अस्थियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

समाज सेवा की मिसाल कायम करते हुए समाजसेवी एवं पार्षद सुनील बंसल अपने सहयोगियों के साथ पितृपक्ष के अवसर पर 33 वर्षों से चली आ रही पवित्र परंपरा का निर्वहन करने हेतु 3 अक्टूबर को हरिद्वार रवाना हुए थे। इस पावन यात्रा के दौरान वे निराश्रित और जरूरतमंद दिवंगतों के अस्थि कलश लेकर गंगा जी विसर्जन के लिए पहुँचे थे। इस बार की यात्रा में 18 पुरुषों, 6 महिलाओं और 11 बंदरों के अस्थि कलश सम्मिलित थे, जिनका विसर्जन हरिद्वार में पूर्ण विधि-विधान और धार्मिक रीती-रिवाजों के साथ तीर्थ पुरोहित प्रदीप झा द्वारा संपन्न कराया गया।

इस पुनीत और परोपकारी कार्य में समाजसेवी सुनील बंसल के साथ भरत शिंदे, कन्हैयालाल दया, शम्भूसेन राठौड़, बंशी राठौर, शिव योगी, गोपाल शिंदे, गिरधारी माली, लक्ष्मीनारायण राठौर, राहुल कुमावत, सज्जन खमेसरा, रामचंद्र भारती,



गोपाल सेठिया और दिलीप सेठिया भी हरिद्वार पहुंचकर प्रमुख सहयोगी बने और निष्काम भाव से अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

समाजसेवी सुनील बंसल ने किया एक और निराश्रित वृद्ध का हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार: हरिद्वार से अस्थि विसर्जन की यात्रा पूर्ण कर लौटते ही समाजसेवी , पार्षद सुनील बंसल ने मानव सेवा की मिसाल पेश की। उन्होंने एक निराश्रित वृद्ध व्यक्ति के पार्थिव देह का पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार संपन्न कराया। घटनाक्रम के अनुसार, सुबह बंसल को सूचना मिली कि कोर्ट परिसर स्थित कैंटीन के बाहर एक वृद्ध मृत अवस्था में पड़े हैं। तस्वीर देखने पर श्री बंसल ने पहचान की कि उक्त व्यक्ति संध्या समय गांधी चौराहे पर भोजन प्राप्त करने आते थे, हालांकि उनका कोई नाम या पता ज्ञात नहीं था। इसके पश्चात उन्होंने तुरंत सिटी कोतवाली पुलिस को सूचित किया। बंसल ने बताया कि 1 मृतक के संबंध में जानकारी जुटाने पर ज्ञात हुआ कि वह व्यक्ति बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर के समीप भिक्षावृत्ति करता था। मंदिर के पुजारी से चर्चा करने पर पता चला कि उक्त व्यक्ति को दो-तीन वर्षों तक बालाजी मंदिर की चौकीदारी के लिए भी रखा गया था और परिजनों के विषय में कोई अन्य जानकारी उपलब्ध नहीं थी। श्री बंसल द्वारा सिटी कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर को संपूर्ण स्थिति से अवगत कराया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा परिजनों की तलाश में 24 घंटे से अधिक समय तक प्रयास किए गए, किंतु कोई भी सगा-संबंधी या परिचित सामने नहीं आया। इसके उपरांत श्री बंसल से अंतिम संस्कार कराने का कहा गया।

टेटवाल ने भी पूर्वजों का स्मरण किया

कृष्णसिंधु के तट पर किया गया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या एवं शनिचरी अमावस्या के पावन अवसर पर शनिवार को कृष्णसिंधु कालीसिंध नदी के तट स्थित कपिलेश्वर तीर्थ धाम में सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया गया।

सुबह 7 से 10 बजे तक आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ अपने पूर्वजों का स्मरण कर जल, तिल एवं तिलांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने कालीसिंध नदी में स्नान कर अपने पूर्वजों की धूप विसर्जित की। इसके बाद कपिलेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और पुण्य लाभ प्राप्त किया। सुबह से ही तीर्थ धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही तथा पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर तर्पण, पिंडदान, ब्राह्मण भोज और दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र एवं दक्षिणा दान करने तथा गाय को भोजन (ग्रास) कराने को भी शुभ माना जाता है। श्रद्धालुओं ने पितरों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। इस अवसर पर प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भी अपने पूर्वजों का तर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पंडित पवन पारीक, पंडित भूपेंद्र जोशी एवं पंडित बालकृष्ण के नेतृत्व में धार्मिक विधियां संपन्न कराई गईं। सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के साथ ही पितृपक्ष के श्राद्ध कर्मों का समापन हुआ। इसके अगले दिन 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र की शुरुआत होने के साथ ही धर्म और भक्ति का पर्व आरंभ होगा।